# MP BOARD CLASS 10 MODEL PAPER 2020

## सामाजिक विज्ञान

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

### खण्ड-(अ)

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न-

प्रश्न **1.** सही विकल्प का चयन कीजिए- **5**

**(1)** झण्डा सत्याग्रह का प्रारम्भ मध्यप्रदेश के किस शहर से हुआ था?

(अ) इन्दौर (ब) जबलपुर

(स) सागर (द) भोपाल

**(2)** 'कर्मवीर' नामक समाचार पत्र कहाँ से प्रकाशित होता था?

(अ) हरदा (ब) इन्दौर

(स) खण्डवा (द) भोपाल

**(3)** संविधान में मौलिक अधिकारों की संख्या है **?**

(अ) 4 (ब) 5

(स) 6 (द) 9

**(4)** विश्व स्तर पर पहला भू-शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ था-

(अ) जापान (याकोहामा) (ब) भारत (बैंगलुरु)।

(स) ब्राजील (रियोडिजेनिरो) (द) यू.एस.ए. (न्यूयार्क)

**(5) 1857** के संग्राम को 'सैनिक विद्रोह' की संज्ञा दी –

(अ) ब्रिटिश इतिहासकारों ने (ब) दामोदर सावरकर ने

(स) डलहौजी ने (द) बहादुर शाह ने

उत्तर-(1)-(ब) (2)-(स) (3)-(स) (4)-(स) (5)-(अ)।

प्रश्न **2.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- **5**

(अ) …………….. के नेतृत्व में भारत की रियासतों का विलीनीकरण का कार्य सम्पन्न हुआ।

(ब) भारत की स्वाधीनता के समय भारत के वाइसराय थे। http://www.mpboardonline.com

(स) सर्वोच्च न्यायालय ………….. न्यायालय भी है।

(द) संविधान में भारत को ............... कहा गया है।

(इ) शिक्षा एवं स्वास्थ्य ……….अधोसंरचना के अंग हैं।

उत्तर- (अ) सरदार वल्लभ भाई पटेल, (ब) लार्ड माउण्टबेटन,

(स) अभिलेख, (द) राज्यों का संघ, (इ) सामाजिक ।

प्रश्न **3.** सही जोड़ियाँ बनाइए- **5**

| **(अ)** | **(ब)** |
| --- | --- |
| (अ) कोणार्क | (1) मालदीव |
| (ब) पेरियार | (2) बांग्लादेश |
| (स) डिजिटल चार्ट्स | (3) छत्तीसगढ़ |
| (द) मुक्ति वाहिनी सेना | (4) केरल |
| (इ) भिलाई इस्पात कारखाना | (5) सूर्य मंदिर |

उत्तर-(अ)-(5) (ब)-(4) (स)-(1) (द)-(2) (इ)-(3) ।

प्रश्न 4. सत्य/असत्य लिखिए-

(अ) चरण पादुका गोलीकांड को मध्यप्रदेश का जलियाँवाला बाग के नाम से भी जाना जाता है।

(ब) उत्पादक कार्यों में पूँजी लगाने को विनियोग कहा जाता है।

(स) विकसित देशों में अधिकांश जनसंख्या प्राथमिक क्षेत्र से जुड़ी रहती है।

(द) शिक्षक, डॉक्टर, वकील की सेवाएँ उत्पादन में प्रत्यक्ष रूप से योगदान देती हैं।

(इ) भारत में रेलवे प्रणाली का प्रारम्भ 1837 में हुआ। http://www.mpboardonline.com

उत्तर- (अ) सत्य (ब) सत्य (स) असत्य (द) सत्य (इ) असत्य ।

प्रश्न **5.** निम्नलिखित में प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द/ एक वाक्य में लिखिए **5**

(अ) 'श्वेत क्रान्ति' की शुरुआत किस राज्य से हुई है ?

(ब) क्रिप्स मिशन भारत कब आया ?

(स) राज्यपाल को पद की शपथ कौन दिलाता है ?

(द) भारत में बैंकों का राष्ट्रीयकरण कब हुआ ?

(इ) राज्यसभा सदस्य के निर्वाचन के लिए न्यूनतम आयु कितनी है ?

उत्तर- (अ) गुजरात, (ब) 22 मार्च, 1942, (स) राष्ट्रपति, (द) 1969 में, (इ) 30 वर्ष।

## खण्ड-(ब)

### अति लघु उत्तरीय प्रश्न-

प्रश्न 6. वन आधारित प्रमुख उद्योग बताइए । 2

अथवा

वन जलवायु को कैसे नियंत्रित करते हैं ?

प्रश्न 7. 1857 के संग्राम की असफलता का कारण लिखिए। 2

अथवा

सन् 1857 की क्रान्ति के राजनीतिक कारण को समझाइए।

प्रश्न 8. इण्डिया विजन-2020 क्या है ? 2

अथवा

राष्ट्रीय आय क्या है?

प्रश्न 9. कार्यशील जनसंख्या क्या है ? इसका व्यावसायिक वितरण का प्रतिशत किस प्रकार रहता है ? 2

अथवा

अर्थव्यवस्था के क्षेत्र एवं राष्ट्रीय आय में क्या सम्बन्ध है ?

प्रश्न 10. उपभोक्ता के शोषण से बचने के प्रमुख उपाय लिखिए। 2

अथवा

उपभोक्ताओं के कर्तव्यों को लिखिए ।

## लघु उत्तरीय प्रश्न-

प्रश्न 11. जल संरक्षण क्यों आवश्यक है ? 3

अथवा

वन्य प्राणी संरक्षण क्यों आवश्यक है ?

प्रश्न 12. मध्यप्रदेश के खनिज सम्पदा का वर्णन कीजिए। 3

अथवा

भारत में लोहा उत्पादन क्षेत्रों के वितरण को समझाइए ।

प्रश्न 13. किन युद्धों ने भारत में ब्रिटिश सत्ता की स्थापना के मार्ग खोले? 3

अथवा

नाना साहेब की सन् 1857 की क्रांति में क्या भूमिका थी? समझाइए।

प्रश्न 14. भारतीय राष्ट्रीय जागृति में धार्मिक एवं सामाजिक सुधार आन्दोलनों के बारे में लिखिए। 3

अथवा

काँग्रेस की स्थापना के क्या उद्देश्य थे ? लिखिए ।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-

प्रश्न 15. पश्चिम बंगाल में कागज उत्पादन केन्द्र कौनकौन से है ? 4

अथवा

महाराष्ट्र में सूती वस्त्र उद्योग क्यों केन्द्रित है ।

प्रश्न 16. भारत के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की चार विशेषताएँ लिखिए। 4

अथवा

उपग्रह संचार से क्या आशय है ?

प्रश्न 17. आपदा के प्रकारों का उल्लेख कीजिए। 4

अथवा

भूकम्प के दुष्प्रभाव को कम करने के उपाय लिखिए। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 18. 1857 के संग्राम में मध्यप्रदेश के प्रमुख सेनानियों के योगदान का वर्णन कीजिए। 4

अथवा

भारतीय स्वाधीनता अधिनियम क्या है?

प्रश्न 19. आण्विक शक्ति की चार उपयोगिताएँ एवं महत्व लिखिए। 4

अथवा

भारत में आपातकाल पर एक लेख लिखिए।

प्रश्न 20. संविधान में वर्णित मूल कर्त्तव्यों का वर्णन कीजिए। 4

अथवा

भारतीय संविधान की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

प्रश्न 21. मिश्रित अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं ? एवं मिश्रित अर्थव्यवस्था के दोष बताइए। 4

अथवा

विदेशी व्यापार क्या है ? वैश्वीकरण का छोटे उत्पादकों पर क्या प्रभाव पड़ा है ?

प्रश्न 22. भारत के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए- 5

(1) नीलगिरि पर्वत, (2) बाम्बे हाई, (3) कन्या-कुमारी, (4) पालम हवाई अड्डा, (5) थार का मरुस्थल।

अथवा

निम्न मौसमी दशाओं को स्पष्ट करने हेतु संकेत बताइए-

(1) धुन्ध, (2) फुआर, (3) कुहासा, (4) छिछला कुहरा, (5) तड़ित झंझा।

प्रश्न 23.किन परिस्थितियों में भारत का विभाजन किया गया ? 5

अथवा

भारत छोड़ो आन्दोलन की असफलता के कारणों को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 24. 1971 के भारत-पाक युद्ध के महत्वपूर्ण परिणाम लिखिए। 5

अथवा

कश्मीर समस्या क्या है ? विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 25. जिला पंचायत के कार्य लिखिए। 5

अथवा

प्रधानमंत्री के कार्य लिखिए ।

प्रश्न 26. भारत में बेरोजगारी दूर करने के उपायों का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

भारत में बेरोजगारी के कारणों का उल्लेख कीजिए ।